तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 13 मार्च 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



12 पृथ्वीराज चौहान और छत्रपति संभाजी महाराज ...



12 कलेक्टर ने की माकड़ी में चल रहे विकास कार्यों की ...




## खबर संक्षेप



### दो दशक बाद नक्सल प्रभावित पुजारीकाकेंर में गुलजार हुआ बाजार

जगदलपुर। बस्तर के नक्सल प्रभावित इलाकों की तस्वीर अब बदल रही है। ऐसे ही एक धूर नक्सल प्रभावित गांव है पुजारीकाकेंर जो दो जिले व दो प्रदेश छग व तेलगांना का सरहदी गांव है। एक समय तक यह पूरा इलाका नक्सलियों के प्रभाव में था तथा यहां के बाशिदें लाल आंतक के साए में जीने को मजबूर थे इसी पुजारीकाकेंर में अब एक बार फिर दो दशक के बाद साप्ताहिक बाजार शुरू कर दिया गया है। जवानों की यहां तैनाती की गई है और लोग अब खुलकर बाजार में खरीददारी कर रहे है और अपने वनोपज को बेच भी रहे है। पुजारी काकेंर में साप्ताहिक बाजार शुरू होने के बाद डीजीपी अरुण देव गौतम, आईजी सुंदरराज पी व अन्य अधिकारियों ने गांव का दौरा किया और ग्रामीणों से चर्चा कर उनका हौसला बढ़ाते हुए आश्वस्त किया कि जल्द ही पूरे इलाके को नक्सलमुक्त कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि बीजापुर जिले का पुजारी कांकेर इलाका भी कभी नक्सलियों की हिंसा से प्रभावित था। इससे ग्रामीणों को कई सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इस इलाके के लोगों को नक्सलियों के घोषित-अघोषित प्रतिबंधों और ग्रामीणों पर लगाई गई आर्थिक नाकेबंदी के चलते साप्ताहिक बाजार बंद हुआ करते थे। इससे ग्रामीणों शेष पेज 12 पर

# विश्व धरोहर की दौड़ में शामिल बस्तर का कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

अपनी समृद्ध जैव विविधता और जीव जंतुओं की दुर्लभ प्रजातियों के आवास के रूप में पहचाने जाने वाले बस्तर के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान को यूनेस्को ने 2025 की वर्ल्ड हेरिटेज साइट की तदर्थ सूची में शामिल कर लिया है। अब वर्ल्ड हेरिटेज साइट का दर्जा हासिल करने के लिए राज्य सरकार को एक साल में अपना दावा पूरे तथ्यों के साथ पेश करना होगा। कांगेर घाटी को टेंटेटिव लिस्ट में भी शामिल किया जाना भी बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि छत्तीसगढ़ में पहली बार किसी साइट को यह मौका मिला है। लगभग 200 वर्ग किमी में फैला कांगेर घाटी नेशनल पार्क कई वजहों से खास है। दो वर्ष पहले कांगेर घाटी नेशनल पार्क के निदेशक ने साल भर की तैयारी और रिसर्च, पुरातत्व विभाग समेत कई विभागों की शोध के आधार पर वर्ल्ड हेरिटेज साइट के लिए नेशनल पार्क का प्रस्ताव यूनेस्को को भेजा था। यूनेस्को किसी जगह को वर्ल्ड हेरिटेज साइट शेष पेज 12 पर

## नेशनल पार्क पात्रता हासिल करने वाला छत्तीसगढ़ की पहला

### कांगेर घाटी की खासियत

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने बताया कि पार्क की जैवविविधता इसको बेहद खास बनाती है। ये पहाड़ी मैना का प्राकृतिक आवास भी है, जो इंसानों की तरह बोल सकती है। पार्क में कोटमसर समेत लाइम स्टोन की 16 प्राकृतिक गुफाएं हैं। ये गुफाएं लाखों साल पुरानी हैं और खास बात ये है कि ये अभी भी जिंदा हैं। यही चीज इन गुफाओं को देश के बाकी हिस्सों की गुफाओं से अलग बनाती हैं।



### विश्व पटल पर दमक रहा बस्तर

वन मंत्री केदार कश्यप ने फेसबुक में कहा कि बस्तर स्थित कांगेर वैली राष्ट्रीय उद्यान को यूनेस्को की विश्व धरोहर की सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित किया गया है। यह छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का क्षण है कि राज्य का पहला ऐसा स्थान है, जिसे यूनेस्को ने चयनित कर शामिल किया है। अपनी प्राकृतिक वन संपदा से संपन्न कांगेर वैली जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है।

# सरेंडर नक्सली के खिलाफ एकजुट हुए ग्रामीणों ने गगांलूर में किया प्रदर्शन

## तहसीलदार को ज्ञापन देकर कहा, पुनर्वास नीति का लाभ नहीं फांसी दी जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 2 सौ से अधिक हत्याओं को अंजाम देने वाले नक्सली कमांडर का 152 गांव में था आंतक

नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सप्ताह भर पूर्व आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कमाण्डर को पुनर्वास नीति का लाभ नहीं बल्कि कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग करते हुए सैकड़ों ग्रामीणों ने गंगालूर में प्रदर्शन किया। तहसीलदार को ज्ञापन देकर ग्रामीणों ने बताया कि खूंखार नक्सली कमाण्डर दिनेश मोडियम ने 2 सौ से अधिक हत्या की तथा निर्दोष व बेकसूर ग्रामीणों को पुलिस मुखबरी के नाम पर हत्या करते हुए ग्रामवासियों को गांव से बेदखल किया।

गौरतलब है कि सप्ताह भर पूर्व 8 लाख रूपए के ईनामी गंगालूर एरिया कमेटी सचिव व डीवीसीएम दिनेश मोडियम ओर उसकी पत्नी 3 लाख की ईनामी एसीएम कला ताती ने समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए थे। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि नक्सल कमाण्डर रहने के दौरान दोनों ने 2 सौ के करीब हत्याएं की और कई परिवारों को उजाड़ दिया था। इसी नक्सल कमाण्डर के समर्पण का ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। गंगालूर में आयोजित एक रैली के दौरान ग्रामीणों ने नक्सली कमांडर दिनेश के आत्मसमर्पण का विरोध करते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। तहसीलदार को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि दिनेश मोडियम ने 2 सौ से अधिक हत्याओं को अंजाम दिया है और कई घरों को बेघर करते हुए कई ग्रामीणों को उसने गांव से बेदखल किया है। जिसके चलते क्षेत्र के करीब 152 गांव आज भी पिछड़े हुए हैं। दिनेश के द्वारा नक्सल संगठन में रहने के दौरान हथियार के बल पर बेरोजगार युवाओं के अलावा पढ़ने वाले छात्रों के साथ-साथ रोजगार के लिए जाने वाले मजदूरों को शेष पेज 12 पर



### पूर्व सरपंचों ने बताई दिनेश की दास्तान

प्रदर्शन के दौरान मौजूद गंगालूर के पूर्व सरपंच राजू कलमू ने बताया कि वर्ष 2005 से लेकर पुलिस के पास जाने तक दिनेश हथियार के दम पर इस इलाके में वाहनों से लेकर ठेकेदारों तक से लाखों रूपए की वसूली करता था और जो भी उसके खिलाफ बोलता था उसकी हत्या कर दी जाती थी। उसके द्वारा सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। जवानों पर हमला किया गया और जनता से वसूले गए पैसों को लेकर वह अब पुलिस के पास समर्पण करने पहुंचा है। इसलिए ऐसे नक्सली नेता को कहीं से भी सरकार के द्वारा माफ नहीं किया जाना चाहिए और उसके द्वारा अब तक किए गए अपराधों को लेकर एफआईआर दर्ज करा कर उसे कड़ी सजा दी जानी शेष पेज 12 पर

## राज्य सरकार की पहल पर इंद्रावती जोरा नाला कंट्रोल स्ट्रक्चर से पानी का प्रवाह नदी की मुख्य धारा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- ओडिशा सरकार के सहयोग से जोरा नाला के स्ट्रक्चर में डाली गई रेत की बोरियां

राज्य सरकार की पहल पर जोरा नाला के बीच जल विभाजन के लिए बनाए गए कंट्रोल स्ट्रक्चर में पानी बहाव छत्तीसगढ़ प्रदेश को करने हेतु ओ डि शा सरकार की सहमति के बाद जोरा नाला के स्ट्रक्चर में रेत की बोरिया डाल निर्धारित मात्रा में जल प्रवाह इंद्रावती नदी के मुख्य धारा में किया गया है। जल समस्या के समाधान हेतु मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर प्रदेश सरकार के जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप द्वारा केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल को इन्द्रावती नदी के जल संकट की समस्या से अवगत कराया गया। जिस पर केन्द्रीय मंत्री ने



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं ओडिशा राज्य के मुख्यमंत्री मांझी को समस्या का हल करने निर्देश दिये। जिसके परिपालन में ओडिशा राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के अधिकारियों को निर्देश दिए जिसका असर ये हुआ कि जोरा नाला में स्थित कन्ट्रोल स्ट्रक्चर को अस्थाई रूप से एक फिट ऊंचा किया गया जिससे इन्द्रावती नदी के जल प्रवाह में वृद्धि हुई है। साथ ही इन्द्रावती नदी के अप स्ट्रीम एवं डाउन स्ट्रीम में जमा रेत को हटाने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, जिसे अप्रैल के प्रथम सप्ताह शेष पेज 12 पर

## पूर्व सरपंच ने होलिका दहन का खम्बा हटवाया तो नई सरपंच बोली अब से मेरी जमीन पर होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

- चुनाव हारने की वजह से पूर्व सरपंच पोदीया में दिखी नाराजगी

ग्राम पंचायत नकुलनार में चुनाव परिणाम आने के बाद भी हार की नाराजगी 10 वर्ष पूर्व सरपंच रहे पोदीयाराम मुचाकी में नजर आ रही है। इस पर नकुलनार ठाकुरपारा में वर्षों से होलिका दहन का स्थल बदलना पड़ा। इसकी मुख्य वजह पूर्व सरपंच पोदिया मुचाकी वह जमीन है, जिस पर होली की तैयारी से पहले ही रोक लगवा दी गयी और पूजन खम्ब ही हटवा दिया गया। इसकी खबर नकुलनार गांव में लगते ही लोग बेहद नाराज हुए और इसकी जानकारी नई सरपंच रंजना कश्यप को दी गयी।

सरपंच रंजना कश्यप इस बात की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची और उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि होली सामाजिक समरसता का और हिन्दू आस्था का बेहद ही पावन पर्व है। राजनीतिक जीत-हार अपनी जगह है। सामने मेरी स्वयं की जमीन है इस पर ही डोजर चलवाकर होलिका दहन का कार्यक्रम अब से हर्षोल्लास से हम सभी मिलकर मनाएंगे। इसके बाद दो डोजर लगाकर साफ सफाई की गई और परिवर्तित स्थल पर होलिका दहन की लकड़ी इकट्ठा की गई। साथ ही रौशनी की व्यवस्था के लिए बिजली के खम्बो में दो हाईलोजन बल्ब भी लगाया गया। पूर्व सरपंच



पोदीया मुचाकी नकुलनार ग्राम पंचायत के 2003 से 2018 तक सरपंच रहे हैं। इस दौरान दो बार उन्हें निर्विरोध सरपंच भी इसी गांव से चुना गया। बीते चुनाव और इस चुनाव में भी नकुलनार पोलिंग बूथ से वे बराबर लीड लेते आये हैं। इतने समर्थन के बाद भी चुनावी हार का प्रतिशोध होलिका दहन कार्यक्रम में निकालना बेहद ही तुच्छ मानसिकता को दर्शाता है। साथ ही यह उनके उन समर्थकों की छवि पर भी प्रश्नचिन्ह उठाने वाली बात है जो उनके समर्थन में झंडा थामकर उनके व्यवहार का गुणगान हमेशा करते रहते हैं।

### युवाओं ने की निंदा

नकुलनार के युवाओं ने कहा कि यह कृत्य निंदनीय है। साथ नई सरपंच रंजना कश्यप का होलिका दहन के लिऐ परिवर्तित स्थल चयन कर मदद करने के लिए आभार व्यक्त किया।

## जनपद उपाध्यक्ष चयन को लेकर भाजपाइयों में सिर फुट्टवल की बनी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनपद उपाध्यक्ष चयन को लेकर अनुशासित पार्टी का दंभ भरने वाली भाजपा गुटबाजी में कांग्रेस से आगे निकल गई। पंचायत चुनाव में यह खुलकर सामने आई। भाजपा संगठन के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों और पार्टी को सींचने वाले डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने का दावा करने वाली भाजपा बस्तर जिला संगठन में फिलहाल सबकुछ ठीक चलता नहीं दिख रहा है। मंगलवार को जगदलपुर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव था, इस दौरान जिला संगठन से पार्वती शर्मा को भाजपा समर्थित प्रत्याशी घोषित किया गया। जबकि सांसद के शेष पेज 12 पर



### भाजपा विचार धारा पर चलने वाली पार्टी

भारतीय जनता पार्टी विचारधारा पर चलने वाली पार्टी है। पार्टी में बाहुबलियों का कभी भी समर्थन नही किया है। पार्टी विरोधी रास्ते पर चलने वाले को संगठन में कोई जगह नही है। मंगलवार को पार्टी कार्यालय में कुछ कार्यकर्ता में आपस मे एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति निर्मित हुई। इसकी समीक्षा की जाएगी। इसमे किसी भी कार्यकर्ता द्वारा अनुशासन विरोधी कृत्य की पुष्टि होगी तो संगठन कार्रवाई करेगी।

- वेदप्रकाश पाण्डेय, जिलाध्यक्ष भाजपा







## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124


## होली त्यौहार शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाएं : बघेल

### शांति एवं कानून व्यवस्था समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- प्रशासन-पुलिस बनाएगी व्यवस्था आप भी दें सहयोग

जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में शांति एवं कानून व्यवस्था समिति की बैठक हुई। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर सीपी बघेल ने बैठक लेते हुए कहा कि होली त्यौहार रंगों का पर्व के साथ ही प्रेम और भाईचारे का त्यौहार है, जिला में होली त्यौहार शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। होलिका दहन के दौरान डामर सड़क, बिजली के तार और पोल से दूरी



बनाकर किया जाए। होली त्यौहार रंगों का पर्व है लेकिन असामाजिक तत्वों द्वारा हुड़दंग भी करने की कोशिश होगी इस पर नियंत्रण करवाना समाज प्रमुखों, गणमान्य नागरिकों की जिम्मेदारी है। इस पर नियंत्रण हेतु प्रशासन और पुलिस विभाग अपना कर्तव्य तो निभायेंगे ही, लेकिन नागरिकों को भी इस दिशा में सहयोग प्रदान करना आवश्यक है। शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय के पहली कक्षा में प्रवेश के लिए पंजीयन 21 मार्च तक

कोण्डागांव। शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए केन्द्रीय विद्यालय कोंडागाँव में कक्षा–1 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुक्रवार 21 मार्च रात्रि 10 बजे तक ऑनलाइन माध्यम से होगा। केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश संबंधित विवरण वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। कक्षा–1 में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 6 वर्ष पूर्ण तथा अधिकतम आयु 8 वर्ष से कम होना अनिवार्य है। आयु की गणना 31 मार्च 2025 के अनुसार होगी। कक्षाओं में सीटों का आरक्षण केन्द्रीय विद्यालय संगठन के प्रवेश दिशा–निर्देश 2025–26 के अनुसार किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

### सुकमा जिपं अध्यक्ष- उपाध्यक्ष का चुनाव अब 20 को

**सुकमा**। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव टल गया है। दूसरी बार चुनाव की तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव आज होना था। वहीं जारी नई तारीख के अनुसार अब 20 मार्च को चुनाव होगा। तिथि को आगे बढ़ाए जाने को लेकर पूर्व विधायक राजमन बेंजाम, पूर्व विधायक मनीष कुंजाम और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी प्रेसवार्ता की। इस दौरान मनीष कुंजाम ने कहा कि ये लोकतंत्र की हत्या है। जनपद और जिला पंचायतों में भाजपा का बहुमत नहीं है। भाजपा कुछ भी कर के पदों में बैठना चाहती है।

### युवाओं को सीखने का मिला अवसर

**दुर्गुकोंदल**। 129 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गाँवो से 20 स्थानीय आदिवासी युवा 10 पुरुष और 10 महिलाएं को गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश में आयोजित 16 वें नेहरू युवा केंद्र जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए भेजा गया था। सभी युवा सामरिक मुख्यालय सारंगीपाल 129 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल में वापिस आए, जहां वाहिनी के कमांडेंट संजय सिंह द्वारा उनका स्वागत किया गया और सभी युवाओं से बातचीत किया और सभी बहुत खुश व उत्साहित थे, हम लोगों को कई नई चीजो का सीखने का मौका मिला।

### सीएम से गोंडवाना समाज के पदाधिकारी ने की भेंट

**कांकेर**। गोंडवाना समाज के प्रकृति पुजन का महापर्व मरका पोलहना पंडुम प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संपूर्ण सांस्कृतिक वैभव के साथ 4 से 7 अप्रैल तक मनाया जाएगा। गोंडवाना समन्वय समिति बस्तर संभाग का प्रतिनिधि मंडल कांकेर विधायक आशाराम नेताम के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुख्यमंत्री निवास में मुलाकात कर प्रकृति पुजन के महापर्व मरका पोलहना पंडुम में 7 अप्रैल को मुख्य अतिथि बनने निवेदन किया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार करते हुए शामिल होने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में संभागीय अध्यक्ष सुमेरसिंह नाग, संभागीय संरक्षक डॉ. कमलकांत शोरी, महासचिव सदेसिंह कोमरे, महेश मरकाम, पंडी वड्डे, राजुराम मरकाम व अन्य सामाजिक पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पृथ्वीराज चौहान और छत्रपति संभाजी महाराज की मनाई गई पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के तत्वावधान में वीर शिरोमणि सम्राट पृथ्वीराज चौहान और छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महापुरुषों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान अमर रहे और छत्रपति संभाजी महाराज की जय के नारे लगाकर वीर शहीदों को नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान भारतीय इतिहास के स्वर्णिम योद्धा थे। जिन्होंने विदेशी आक्रमणकारी मोहम्मद गौरी को 16 बार पराजित किया। उनका शौर्य और बलिदान हर भारतीय के लिए प्रेरणादायक है। वहीं, कोण्डागाँव जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने छत्रपति संभाजी महाराज के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे मराठा साम्राज्य के द्वितीय छत्रपति थे और उन्होंने अपने जीवनकाल में 121 युद्ध लड़े, जिनमें वे हमेशा विजयी रहे। मुगल आक्रमणों के खिलाफ दक्षिण भारत की रक्षा करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। उन्होंने आगे बताया कि 11 मार्च 1689 को जब संभाजी महाराज ने इस्लाम धर्म अपनाने से इनकार कर दिया तो मुगल शासक औरंगजेब ने उनकी हत्या करवा दी। उनकी वीरता, विद्वत्ता और बलिदान को याद करने के लिए हर साल उनकी पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के तत्वाधान में हुआ कार्यक्रम




### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती और पूर्व सैनिक ढालेश साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने राष्ट्रभक्ति और वीरता के इन प्रतीकों से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।

## पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर दिया जोर

# कलेक्टर ने की माकड़ी में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को माकड़ी स्थित जनपद पंचायत भवन में आयोजित बैठक में आकांक्षी विकासखण्ड माकड़ी में चल रहे विकास कार्योंर् की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी ग्रामीण पेयजल से वंचित न रहे और सभी घरों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्र, शाला भवन सहित अन्य शासकीय भवनों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाएगा।

### हिमोग्लोबिन जांच में हो रही देरी पर नाराजगी कलेक्टर

आंगबाड़ी भवनों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तथा पानी टंकी स्थापित करने के लिए शासन द्वारा विशेष पहल की गयी है। इसे सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं पंचायत के प्रतिनिधि कार्य करेंगे। उन्होंने अच्छी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं का प्रदर्शन करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने हिमोग्लोबिन जांच में हो रही देरी पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए इसे तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में होने वाली जांचों की गति को तेज किया जाए ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि घर में प्रसव के मामलों में स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी और मितानीन को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

### टेलीविजन का लाभ विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने के निर्देश

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के कार्योंर् की समीक्षा करते हुए आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रें के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही, अपार आईडी से संबंधित कार्योंर् को भी शीघ्र पूरा करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शालाओं को उपलब्ध कराए गए सभी टेलीविजन का लाभ विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिक्षा के क्षेत्र में कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के अगले शैक्षिक सत्र में प्रवेश की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग को विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए सख्त निर्देश दिए। छात्रवासों में सुविधाओं के संबंध में भी कलेक्टर ने निर्देश दिए कि छात्रवासों में छात्रें को सभी आवश्यक सुविधाएं दी जाएं।

### मौजुद रहे ये

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अजय उरांव सहित जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## माकड़ी क्षेत्र के मांझी-चालकी

# पुजारी-गायता की बैठक में कलेक्टर हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने माकड़ी में आयोजित मांझी, चालकी, पुजारी एवं गायता की बैठक में बस्तर की समृद्ध एवं पारंपरिक आदिवासी कला एवं संस्कृति को संरक्षित रखने के लिए राज्य शासन द्वारा प्रारंभ की जा रही महोत्सव बस्तर पंडुम 2025 में उत्साह के साथ भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि महोत्सव में जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य और वाद्ययंत्र शामिल हैं। साथ ही पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण, शिल्प–चित्रकला और जनजातीय व्यंजन भी प्रदर्शित किए जाएंगे। यह बस्तर की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण के साथ ही युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का भी एक अच्छा अवसर है।

■ महोत्सव बस्तर पंडुम 2025 में उत्साह के साथ निभाएं भागीदारीः कलेक्टर

### विजेताओं के चयन के लिए एक विशेष समिति

प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन मौलिकता, पारंपरिकता और प्रस्तुति के आधार पर किया जाएगा। विजेताओं के चयन के लिए एक विशेष समिति बनाई गई है। समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नागरिकों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह महोत्सव बस्तर की समृद्ध लोककला को नई पीढ़ी से जोड़ने का माध्यम बनेगा। साथ ही इससे स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अजय उरांव सहित मांझी, चालकी, गायता, पुजारी उपस्थित रहे।

# होली के मद्देनजर थाना अनंतपुर ने ली शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

थाना अनंतपुर में बुधवार को आगामी होली पर्व को देखते हुए शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें होली त्यौहार को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने एवं किसी भी व्यक्ति की इच्छा के विरुद्ध उसे पर रंग नहीं डालने जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में थाना अनंतपुर प्रभारी अखिलेश धीवर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, क्षेत्र के सरपंचों, पटेलों को संबोधित करते हुए त्योहार को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से बेवजह किसी पर जबरदस्ती रंग न लगाने और सभी समुदायों के बीच आपसी भाईचारे को बनाए रखने पर जोर दिया। इसके साथ ही, नागरिकों को यातायात नियमों के पालन और साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी गई।

■ बैठक में स्थानीय सरपंच उप सरपंच पटेल व जनप्रतिनिधि हुए उपस्थित

### उपस्थित रहे ये

इस बैठक में थाना अनंतपुर एरिया के सरपंच, पंच,उपसरपंच जनप्रतिनिधि एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फर्जी लोन वितरण, गबन और धोखाधड़ी के आरोप में फायनेंस कंपनी का सहायक गिरफ्तार, दो फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



फायनेंस कंपनी के तीन कर्मचारी के द्वारा कंपनी के पैसा को कलेक्शन कर कंपनी में जमा नही करते हुए अपने पास रख लिया था। कंपनी का कर्मचारी होकर धोखाधड़ी व विश्वासघात करने की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया और एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कांकेर पुलिस को सफलता मिली है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता लालबाग जगदलपुर निवासी 44 वर्षीय नरेश जेठवा पिता चिमनलाल जेठवा ने पुलिस को बताया कि एचडीबी फायनेंस सर्विस कंपनी ब्रांच कांकेर में आरोपी राघवेन्द्र झा, नितेश बघेल तथा जितेन्द्र धारगाये की पदस्थापना थी। पदस्थापना के दौरान कस्टमर से फायनेंस एवं कलेक्शन का कार्य करते थे। कार्य के दौरान 27 सितंबर 2024 एवं 30 सितंबर 2024 को तीनो आरोपी मिलकर कस्टमर लोगो से कुल कलेक्शन राशि 2 लाख 91 हजार 300 रूपएं का रसीद काटकर कस्टमर को देकर कलेक्शन राशि को फाइनेंस कंपनी में जमा ना करके स्वयं रख कर कंपनी के रकम को गबन किया। शिकायत पर थाना कांकेर में अपराध क्र. 84/25 धारा 316 (2), 316 (5), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला के निर्देशन में एएसपी दिनेश सिन्हा एवं एसडीओपी मोहसीन खान के मार्गदर्शन में थाना कांकेर से टीम गठित कर आरोपी राघवेन्द्र झा, नीतेश बघेल तथा जितेन्द्र धारगाये के खिलाफ अपराध सबूत पाए जाने से पता तलाश के दौरान आरोपी कोण्डागांव जिला के ग्राम डोंगरीपारा निवासी 32 वर्षीय जितेन्द्र धारगाये पिता दुखहरण धारगाये को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किया।

## पेज 11 के शेष

### विश्व धरोहर की ...

का दर्जा तीन श्रेणियों में देता है। पहली श्रेणी प्राकृतिक धरोहर है, दूसरी सांस्कृतिक और तीसरी मिश्रित। आवेदन पहली श्रेणी के लिए भेजा गया था, जिसे तदर्थ सूची में शामिल कर लिया गया है, जो बड़ी उपलब्धि है। यूनेस्को ने अपनी वेबसाइट पर इस आशय की घोषणा कर दी है।

कांगेर में हजारों सालों की सभ्यता : कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणी सिंह ने बताया कि चूना पत्थरों की नई संरचनाओं का निर्माण जारी है। इस गुफाओं में अंधी मछलियों से लेकर बहुत तरह के जीव जंतु पार्क की एक और खासियत यहां के धुरवा आदिवासी हैं, जो अपने साथ हजारों सालों की सभ्यता समेटे हुए हैं और जंगल को संरक्षित करने में योगदान दे रहे हैं।

### सरेंडर नक्सली...

महिलाओं को और बच्चों तक की हत्या किया गया है। इसलिए ऐसे खूंखार नक्सली कमांडर को आत्मसमर्पण कराकर उसे पुनर्वास नीति का लाभ देने के बजाय उसे फांसी दिया जाना चाहिए। अगर सरकार ग्रामीणों की मांग पूरा नही करती है तो मजबूरन जिला मुख्यालय में उग्र आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा।

### पूर्व सरपंचों ने....

चाहिए। वहीं वहीं कमकानार के पूर्व सरपंच प्रवीण उइका का कहना है कि इस इलाके में 152 गांव है जहां पर खूंखार नक्सली कमांडर दिनेश का खौफ था। जिसके नाम से लोग दहशत में जीते थे। उसके द्वारा किसी को नहीं बक्शा गया बेकसूर और निर्दोष ग्रामीणों की हत्या की गई ग्रामीणों को गांव से बेदखल किया गया। पुलिस मुखबिरी के नाम पर 2 सौ से अधिक हत्याएं की गई इसलिए ऐसे व्यक्ति को समर्पण का लाभ देने के बजे फांसी की सजा दी जानी चाहिए।

### राज्य सरकार की ....

तक हटा लिया जाने का आश्वासन दिया गया है। उक्त सम्बन्ध में कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, अति. पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, ईई जल संसाधन वेद पांडेय द्वारा में स्थानीय कृषकों को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में अवगत कराया गया।

जोरा नाला की समस्याः ओडिशा सीमा पर ग्राम सूतपदर में इन्द्रावती दो भागों में बंट जाती है। एक हिस्सा इन्द्रावती नदी के रूप में लगभग 5 कि.मी. ओडिशा में बहते हुए ग्राम भेजापदर में छत्तीसगढ़ में प्रवेश करती है जो डाउनस्ट्रीम में जगदलपुर, चित्रकोट से होते हुए गोदावरी में मिल जाती है। दूसरा हिस्सा जोरा नाला के रूप में 12 कि.मी. बहते हुए शबरी कोलाब नदी में मिल जाता है। पूर्व में जोरा नाला का पानी इन्द्रावती में आ रहा था। कालांतर में कटाव के साथ-साथ जोरा नाला का बहाव बढ़ता एवं इन्द्रावती का बहाव कम होता गया। समस्या गंभीर होने पर दिसम्बर 2003 को प्रमुख अभियंता, उड़ीसा एवं प्रमुख अभियंता छत्तीसगढ़ की बैठक में निर्णय लिया गया कि इन्द्रावती जोरा नाला के मुहाने पर बराबर मात्रा में पानी के बंटवारे के लिए एक पक्का स्ट्रक्चर का निर्माण किया जाये। पक्का स्ट्रक्चर का निर्माण उडीसा के द्वारा किया जाये एवं दूसरी डिजाईन सी.डब्लू.सी द्वारा की जाये। पक्के स्ट्रक्चर निर्माण की प्रक्रिया के दौरान छत्तीसगढ़ द्वारा लगातार गैर मानसून समय (नवम्बर से जून) में 8.511 टी.एम.सी. जल छत्तीसगढ़ सीमा पर उपलब्ध कराने की मांग की गई जिसमें ओडिशा शासन ने 3.475 टी.एम.सी. जल उपलब्ध कराने की सहमती दी।

### होली त्यौहार शांति ...

विभिन्न कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा इस समय भी चल रहा है इसलिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग से बचना होगा । बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग ने कहा कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों पर सुरक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल लगाया जाएगा। साथ ही होलिका दहन के दिन शहर में फ्लैग मार्च का आयोजन किया जाएगा।

बिना सहमति न डालें रंग गुलालः बैठक में सभी नागरिकों से अपील की गई कि होली खेलते समय ध्यान रखे कि रंग गुलाल बिना सहमति के किसी भी व्यक्ति एवं महिला पर ना डालें। यदि उनके द्वारा रंग गुलाल नहीं खेलने का अनुरोध करते है तो उनकी भावना का सम्मान किया जाए। नशे की हालत में दो पहिया या चार पहिया वाहन ना चलायें। दो पहिया वाहन में दो से अधिक सवारी ना बिठाए और ना ही तेज गति से चलायें। पुलिस द्वारा तीन सवारी गाड़ियों पर आज से कार्रवाईकरने की जानकारी दी गई साथ ही शराब सेवन कर गाड़ी चलाने पर जब्ती की कार्रवाई करने की सूचना दी गई।तेज रफ्तार से वाहन न चलाएं और ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

सभी ने दिए सुझाव : बैठक में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने होलिका दहन एवं रंग उत्सव के दिन शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस व्यवस्था, आपात कालीन सेवा हेतु नम्बर जारी करने, अस्पताल में डॉक्टरों की ड्यूटी मय एम्बूलेंस व्यवस्था करने का सुझाव दिया।

### दो दशक बाद नक्सल ...

को अपने वनोपज और रोजमर्रा की सामग्री के लिए 30-40 किमी दूर पैदल चलकर उसूर-चेरला होते हुए तेलंगाना तक का सफर करना पड़ता था।

सुविधा मिलने से ग्रामीणों की परेशानियां हुई कम : इलाके में नक्सल उन्मूलन के लिए स्थापित सुरक्षा कैंप और सड़क निर्माण से आवाजाही शुरू हो चुकी है इससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इलाकों के लोगों की पहुंच अब जिला और ब्लॉक मुख्यालय तक होने लगी है। जिला प्रशासन के सहयोग से पुजारी कांकेर तक बस सेवा भी शुरू कर दी गई है। वहीं साप्ताहिक बाजार शुरू होने से ग्रामीण खुश नजर आ रहे है। चार दिन पूर्व ग्रामीणों और सुरक्षाबलों की पहल पर दो दशक बाद फिर से साप्ताहिक बाजार की शुरूआत की गई। साप्ताहिक बाजार में पुजारी कांकेर और आस-पास के गांव के ग्रामीणों ने अपनी जरूरत की सामाग्री खरीदी। वहीं स्थानीय उपज को बाजार में बेचने के लिए रखा था। पुजारी कांकेर में साप्ताहिक बाजार शुरू होने से वनोपज से जुड़े स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों में खुशी की लहर देखी जा रही है।

### जनपद उपाध्यक्ष चयन ....

कुछ समर्थक पुरुषोत्तम कश्यप को प्रत्याशी बनाने पर अड़े थे। लेकिन संगठन के आगे सांसद समर्थकों की एक भी नही चली और जिला संगठन से पार्वती शर्मा को ही पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया गया। इसी बात से नाराज सांसद समर्थक पार्टी कार्यालय पहुंचे और संगठन के निर्णय का जबर्दस्त विरोध किया। वे जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे के समक्ष दबाव बनाने लगे। सांसद समर्थक बसन्त सिंह पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे के समक्ष पुरुषोत्तम कश्यप को पार्टी का समर्थित प्रत्याशी बनाने अड़े रहे। बसंत के समर्थन में लगभग आधा दर्जन से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने भी जिलाध्यक्ष के समक्ष विरोध जताया। इस बीच पार्टी कार्यकर्ता गोविंद इणानी जनपद उपाध्यक्ष प्रत्याशी पुरुषोत्तम को कांग्रेसी बताते उस पर कांग्रेस प्रत्याशी का खुलकर समर्थन करने का आरोप लगाया। साथ ही उसके भाजपाई होने पर भी प्रश्नचिन्ह लगाया। बस इसी बात को लेकर सांसद गुट के समर्थकों और संगठन गुट के बीच तू-तड़ाक की स्थिति निर्मित हुई। इस बीच पार्टी के वरिष्ठ सदस्य व प्रदेश कार्यकरणी सदस्य विद्याशरण तिवारी ने इसका विरोध करना चाहा तो बसन्त ने उन्हें उंगली दिखाकर दुर्व्यवहार किया। संगठन के सदस्य गोविंद इणानी को मारपीट करने तक सांसद समर्थक आगे आ गये थे लेकिन बीचबचाव कर स्थिति को संभाल लिया गया। इस बीच दादा बलीराम कश्यप के पुण्यतिथि कार्यक्रम में सम्मलित पूर्व सांसद दिनेश कश्यप,पूर्व विधायक डॉ सुभाऊ कश्यप व अन्य नेता पार्टी कार्यालय पहुंचे और स्थिति पर काबू किया। जगदलपुर जनपद उपाध्यक्ष पद के चुनाव में सांसद समर्थकों के लाबी से पार्टी समर्थित प्रत्याशी को मात्र 3 वोट मिला, जिसमे बताया जा रहा है,कि जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग का भी वोट नही मिला।

पार्टी विरोधियों पर चलेगा अनुशासन का डंडाः भाजपा जिला संगठन सूत्रों के मुताबिक जनपद उपाध्यक्ष चुनाव में मंगलवार को पार्टी विरोधियों पर अनुशासन का डंडा चलना तय है। पिछले दिनों ऐसे ही एक घटना क्रम में कोरबा नगर निगम सभापति चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी की जीत में प्रदेश शासन के मंत्री लखनलाल देवांगन का कथित समर्थन होने पर प्रदेश संगठन के द्वारा मंत्री को पार्टी विरोधी कृत्य के लिए प्रदेशाध्यक्ष ने उन्हें शो-काज नोटिस दिया था।

## फरसगांव पुलिस ने 2 लाख रुपये की मांग कर धमकाने वाले 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

# धमकी और धोखाधड़ी करने के आरोप में 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

थाना फरसगांव पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने और धोखाधड़ी करने के प्रयास के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों पर एक महिला अधीक्षिका को धमकाने और जबरन 2 लाख रुपये मांगने का आरोप है।

### क्या है पूरा मामला

कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय बोरगांव की अधीक्षिका ने थाना फरसगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 मार्च से 10 मार्च 2025 के बीच आदित्य मंडल, अभय मंडल, राजा बेपारी, अमित मंडल और ज्योति डे ने मिलकर उन्हें और उनके पति को धमकाया। आरोपियों ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 2 लाख रुपये की मांग की। 6 मार्च की रात करीब 8 बजे आरोपियों ने प्रार्थिया के पति रघुराम मण्डावी को पोस्ट ऑफिस के पास बुलाया और कहा कि जब तक 2 लाख रुपये नहीं मिलेंगे तब तक उसे नहीं छोड़ा जाएगा। आरोपियों ने धमकी दी कि अगर पैसे नहीं मिले तो अधीक्षिका की नौकरी खत्म करवा देंगे। इतना ही नहीं, आरोपी अभय मंडल ने प्रतिबंधित क्षेत्र कस्तुरबा बालिका छात्रवास में बिना अनुमति के घुसकर प्रार्थिया को लगातार परेशान किया।



### गिरफ्तार किए गए आरोपी

अभय मंडल 26 वर्ष, आदित्य मंडल 20 वर्ष, राजा बेपारी 26 वर्ष, अमित मंडल 32 वर्ष, ज्योति डे 39 वर्ष।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

पीड़िता की शिकायत पर फरसगांव पुलिस ने अपराध क्रमांक 31/2025 के तहत धारा 308 (2), 332 (ग), 221, 191 (2) बीएनएस में मामला दर्ज किया। कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार भा.पु.से के निर्देश पर एडिशनल एसपी कौशलेन्द्र देव पटेल और एसडीओपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस टीम की अहम भूमिका

इस कार्रवाई में निरीक्षक संजय सिंदे, सउनि सुरेंद्र बघेल, सउनि पितांबर कठार, प्रधान आरक्षक मुपेंद्र साहू, महिला प्रधान आरक्षक बीना मंडावी और आरक्षक अजय मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। फरसगांव पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़िता को न्याय मिला और आरोपियों पर कानूनी शिकंजा कसा गया। पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

## खबर संक्षेप

### होली पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**बस्तर।** पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में जिले के बस्तर थाना में बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में थाना प्रभारी हर्ष कुमार धुरंधर ने कहा कि होली पर्व को शांति से मनाया जाए। उन्होंने लोगों से अपील करते कहा कि वे होली पर किसी को भी जबरन रंग गुलाल ना लगाए, शराब का सेवन ना करें, और ना ही बाइक पर तीन सवारी बैठे, प्रतिबंध मास्क ना लगाएं। बैठक में थाना प्रभारी ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त दिशा निर्देश जारी की और नागरिकों से सहयोग की अपील की। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के माध्यम से पुलिस ने नागरिकों से अपील किया कि वह जिम्मेदार नागरिक का परिचय दे और भाईचारे के साथ होली मनाएं। बैठक में बस्तर थाना क्षेत्र के सरपंच उप सरपंच,पंच,पार्षद एवं आम नागरिक शामिल हुए।

### होली के लिए सजा नगर का बाजार



**गीदम।** रंगों के पर्व होली के लिए नगर का बाजार सजने लगा है। खरीददारी के लिए बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। दुकानों में पहले से ज्यादा वैरायटी के उत्पाद उपलब्ध हैं। पिचकारी, अबीर, गुलाल के साथ-साथ कार्टून पात्रों के मुखौटे दुकानों पर सजे है। इस बार गुलाल और रंगों के दाम काफी बढ़ गए हैं। धीरे-धीरे लोग अब केमिकल रंगों से होने वाले नुकसान की वजह से इनसे परहेज करने लगे हैं जिससे इन रंगों की खरीदारी अब ना के बराबर हो गई हैं। लोगों में हर्बल गुलाल का क्रेज बढ़ रहा है जिसके कारण दुकानदारों ने हर्बल गुलाल की विभिन्न वैरायटी दुकानों में रखी है। और हर्बल गुलाल 50 रुपए से लेकर 500 रुपए तक की कीमत के उपलब्ध हैं। विभिन्न वैरायटी छोटा भीम, स्पाइडर मैन, डोरिमोन की पिचकारिया बच्चों को अपनी ओर लुभा रही हैं।

### नपं अध्यक्ष ने वार्डों का किया भ्रमण



**गीदम।** नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना एवं पार्षद सूरज सिंह ठाकुर के द्वारा वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 का भ्रमण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने वार्ड में मूलभूत समस्या पीने का पानी, नाली की निकासी, बोर, लाइट जैसे समस्याओं को समझा एवं उसके निदान करने का प्रयास किया गया। वर्षों से अधूरी, अपूर्ण नाली को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## 19 सदस्य के जनपद में 8 भाजपा, 6 कांग्रेस, 5 सीपीआई में महिला भाजपा अध्यक्ष का दबदबा

# गठबंधन फेल, हार के बाजीगर बनी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोंटा

सुकमा जिला के जनपद पंचायत कोंटा में अध्यक्ष उपाध्यक्ष के हुए निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर भाजपा ने कब्जा जमा लिया है। यह सीट 10 साल से कांग्रेस के पास थी। ज्ञात हो कि 11 फरवरी के हुए त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद 23 फरवरी को परिणाम घोषित किए गए थे। जिसमें भाजपा समर्पित जनपद सदस्य आठ सदस्य कांग्रेस समर्पित छह तथा सीपीआई समर्पित पांच जनपद सदस्य चुनाव जीत दर्ज किए थे । तीन प्रमुख पार्टियों में स्पष्ट बहुमत नही मिलने के कारण इन सीटों को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे और जनपद पंचायत कोंटा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद को लेकर गठबंधन से इन सीटों में कांग्रेस, सीपीआई का कब्जा होने की चर्चा हो रही थी किंतु सारे कयासों पर पानी फेरते हुए अध्यक्ष सीट पर भाजपा ने कब्जा जमा लिया और उपाध्यक्ष का पद सीपीआई के झोली में आया।



### ये हुए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष निर्वाचित

बीते दस सालों से कांग्रेस के पास मौजूद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के इन सीटों को अपने कब्जे में लेते हुए अध्यक्ष पद के सीट पर भाजपा की महिला अध्यक्ष कुसुमलता कवासी जो जनपद क्षेत्र क्रमांक तीन मिलमपल्ली के जनपद सदस्य निर्वाचित ने अपना दबदबा बना लिया है। वहीं उपाध्यक्ष क्रमांक चौदह से जनपद सदस्य निर्वाचित माड़वी हिड़मा सीपीआई समर्पित ने जीत दर्ज की है। अध्यक्ष के लिए कांग्रेस,भाजपा से दो प्रत्याशियों दावेदारी की थी जिसमें 10 मत भाजपा को और 9 मत कांग्रेस को मिले।

### निर्वाचित हुए अध्यक्ष, उपाध्यक्षों का सफर

पंचायत राज्य गठन के पूर्व 1985 में सरपंच द्वारा जनपद अध्यक्ष पद निर्वाचन पद्धति के दौरान कांग्रेस समर्पित सोड़ी लिंगा ग्राम कांकेरलंका की जीत हुई थी वहीं उपाध्यक्ष पुनेम देवा ग्राम दुब्बाटोटा थे। 1990 में सीपीआई समर्पित सोयम मुकेश अध्यक्ष, तो महिला उपाध्यक्ष बनी थी। 1994-95 में त्रि-स्तरीय पंचायत राज्य गठन के बाद प्रथम अध्यक्ष के रूप में कांग्रेस से मिडियम गांगा उपाध्यक्ष भीमा ने जीत दर्ज की थी और 2000 में सीपीआई समर्पित स्वर्गीय सोयम मुकेश अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष सत्तार अली निर्वाचित हुए थे। 2005 में हुंगा मरकाम, कांग्रेस से अध्यक्ष तो उपाध्यक्ष सुन्नम नागेश बने थे। 2010 मे भाजपा समर्पित कोरसा आयती अध्यक्ष और सीपीआई से उपाध्यक्ष कट्टम जोगा मिसमा से बने थे। 2015 कांग्रेस समर्पित सोयम मंगम्मा अध्यक्ष उपाध्यक्ष कवासी सोनी निर्वाचित हुई थी। 2020 मे कांग्रेस से सुन्नम नागेश अध्यक्ष माड़वी देवा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। और अब 2025 में भाजपा समर्पित कुसुमलता कवासी तथा सीपीआई से माड़वी हिड़मा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए है।

# नगर की बुनियादी सुविधाओं में एकजुट होकर बेहतर काम करें: केदार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

सुकमा नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह भव्य आयोजन बस स्टैंड परिसर

- नगर पालिका परिषद के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण

सुकमा में किया गया, जहां सुकमा नगर पालिका परिषद् के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम और नवनिर्वाचित पार्षदों ने अपने पद की शपथ ली। एसडीएम सुकमा सुश्री मधु तेता ने अध्यक्ष एवं पार्षदों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में वन एवं जलवायु परिवर्तन एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण सिंह देव, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अतिथियों ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को शुभकामनाएँ देते हुए नगर के विकास और कल्याण के लिए उनके कार्यकाल की सफलता की कामना की।



इस महत्वपूर्ण अवसर पर नगर के कई गणमान्य नागरिक, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। समारोह का समापन नगर के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ हुआ, जिससे सुकमा नगर पालिका परिषद् के भविष्य की नई आशाएं और संभावनाएं जुड़ी हैं।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम ने नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष पद की शपथ ली। इसके पश्चात एक -एक करके पार्षदों ने बारी- बारी से शपथ लिया। कार्यक्रम के दौरान, मुख्य अतिथि वन एवं जलवायु परिवर्तन एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप और विधायक जगदलपुर किरण सिंह देव ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि वे नगर के विकास हेतु केंद्र सरकार से हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे, ताकि नगर की बुनियादी सुविधाओं में सुधार हो और नागरिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठे। उन्होंने कहा कि नगर की बुनियादी सुविधाओं में एक जुट हो कर बेहतर काम करें।

वहीं विधायक किरण देव राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ नगर के विकास में शामिल करने का संकल्प लिया और नगर की जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का वादा किया। दोनों अतिथियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों से आग्रह किया कि वे नगर की समस्याओं को समझते हुए पारदर्शी और जनकल्याणकारी नीतियों को प्राथमिकता दें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नगर का विकास सभी वर्गों के समन्वय से ही संभव है, और सभी निर्वाचित सदस्यों को एकजुट होकर नगर के हित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अतिथियों के विचारों का स्वागत किया।

इस अवसर पर अरुण सिंह भदौरिया, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण गंगाराम चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर गजेद्र सिंह ठाकुर, सीएमओ कोर्राम एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

# प्रौद्योगिकी परिषद ने मनाया विज्ञान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शहर के स्वामी आत्मानंद शासकीय महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित विज्ञान

- मानवीय मूल्यों का प्रगति में सबसे अधिक योगदान

दिवस के समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा बस्तर संभाग अपर संचालक एवं प्राचार्य शासकीय काकतीय महाविद्यालय जगदलपुर, डॉ. अनिल श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि लोक निर्माण विभाग जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता राजीव बत्रा शामिल रहे। प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे ने तीन दिवसीय सीजीसीओएसटी द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं अतिथि व्याख्यानों का विवरण दिया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार किसी भी क्षेत्रीय उत्पाद को ग्लोबल किया जा सकता है और एक एंटरप्रेन्योर कैसे बन जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों के वैज्ञानिक सोच की तारीफ की। विशिष्ट अतिथि श्री बत्रा ने विद्यार्थियों को कहा कि अपने अंदर अनुशासन एवं धैर्य का समावेश करें तथा साथ ही लगातार परिश्रम करने से अंततः सफलता अवश्य हासिल होती है। उन्होंने यह भी बताया कि मानवीय मूल्यों का आपकी जीवन प्रगति में सबसे अधिक योगदान हैं। व्याख्यान में डॉ. विपिन दुबे, हाइड्रो बायोलॉजिस्ट का जल संरक्षण विषय पर व्याख्यान हुआ। उसमें उन्होंने विभिन्न मॉडल द्वारा विद्यार्थियों को यह बताया कि किस प्रकार हम वर्ष के जल को संरक्षित कर सकते एवं भूमिगत जल को दोहन से बचा सकते हैं। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अतुल त्रिवेदी ने ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर सुश्री किरण साहू, सचिन सिंह, मनीषा टाइगर, पवन ठाकुर, निलेश तिवारी, मुकेश यादव, राहुल महावर, श्रुति देवांगन, मृगेंद्र देवांगन, भूमिका नाग, सौम्या ताम्रकार एवं विद्यार्थी शामिल रहे।




### प्रैक्टिकल मैनुअल का किया विमोचन

महाविद्यालय में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी स्पर्धा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा विज्ञान दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं रंगोली, पोस्टर, प्रदर्शनी, क्विज एवं भाषण के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इसी के साथ प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे द्वारा अंग्रेजी माध्यम में लिखी भू-गर्भ शास्त्र विषय की पुस्तक जियोलॉजी के प्रिंसिपल्स ऐंड प्रैक्टिकल मैनुअल का भी विमोचन किया गया।

# विज्ञान प्रदर्शनी मेले में मॉडल का प्रदर्शन, विजेता हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

संस्कार द गुरुकुल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने साइंस दिवस पर विभिन्न प्रकार के साइंस के मॉडल व प्रोजेक्ट बनाकर उस मॉडल की कार्य विधि व उपयोगिता के बारे में विस्तार से वर्णन कर अपना साइंस मॉडल व प्रोजेक्ट प्रदर्शनी लगाई। जिसमें कई मॉडल जैसे रोबोटिक मानव, स्मार्ट इरीगेशन, जैसे अलग अलग विषय के जैसे भौगोलिक, हिंदी, अंग्रेजी, गणित इत्यादि विषयों पर विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी मेले पर अपने मॉडल का द्वारा प्रदर्शन किया गया। संस्था के संस्थापक रतनलाल जैन, निदेशक अमीत कुमार जैन, प्राचार्य प्रवीण कुमार साहू एवं समस्त कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। छात्रों द्वारा 28 फरवरी का महत्व भी सभी बताया गया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के के रूप मनाया जाता है। इस दिवस पर महान वैज्ञानिक डॉ. चंद्रशेखर वेंकटरमन को याद किया जाता है। आयोजन के मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आधुनिकता और नवाचार का साझा सामंजयस देश और समाज को देना था स्कूली छात्रों ने साइंस प्रोजेक्ट में विभिन्न मॉडलों के प्रदर्शनी को क्रियान्वित कर दिखाया। संस्कार द गुरुकुल स्कूल में विजेताओं को प्रमाण पत्र आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त जीएस सोरी के द्वारा पुरस्कृत किया गया।




# जिला शिक्षाधिकारी बघेल ने किया 10वीं बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**भोंड।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के तहत 12 मार्च को कक्षा 10वीं की आईटी एवं हेल्थकेयर परीक्षा का जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल ने केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर तथा स्वामी आत्मानंद कन्या हिंदी माध्यम विद्यालय बस्तर का अवलोकन किया।



निरीक्षण के दौरान परीक्षा की व्यवस्था, सुरक्षा एवं अनुशासन की समीक्षा की गई। इस दौरान व्याख्याता रजी वर्गिस एवं सतरूपा मिश्रा उपस्थित रहीं। जिला शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# चीफ जस्टिस ने किया नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

मुख्य न्यायाधिपति छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर रमेश सिन्हा के द्वारा नवीन व्यवहार न्यायालय भवन एवं न्यायिक कर्मचारियों के आवासीय कालोनी सुकमा का भूमिपूजन बुधवार को वर्चुअल मोड से किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अरविन्द कुमार वर्मा माननीय न्यायाधीश उच्च न्यायालय बिलासपुर एवं पोर्टफोलियो जज जिला दन्तेवाड़ा भी विशेष रूप से उपस्थित थे। रमेश सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी पदस्थापना छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में होने के पश्चात उनके द्वारा सर्वप्रथम दन्तेवाड़ा न्यायालय का ही निरीक्षण किया गया था एवं दन्तेवाड़ा न्यायालय के न्यायिक कर्मचारियों के आवसीय परिसर का उद्घाटन किया था। उन्हें इस बात की खुशी है कि आज नवीन व्यवहार न्यायालय भवन सुकमा एवं न्यायिक कर्मचारियों के आवासीय परिसर का भूमि पूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यवहार न्यायालय बीजापुर के न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों के नव निर्मित भवन भी बनकर तैयार हो गया है। जिसका उद्घाटन उनके द्वारा पूर्व में किया गया। उनके कहा कि दन्तेवाड़ा क्षेत्र सुदुर एवं संवेदनशील है परन्तु उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा क्षेत्र छत्तीसगढ़ राज्य का खूबसूरत स्थान है। उन्होंने कहा कि सुकमा न्यायालय भवन एवं न्यायिक कालोनी तैयार होने से न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों की कार्य कुशलता में वृद्धि होगी। जिससे आम नागरिकों को सुलभ एवं शीघ्र न्याय प्रदान



**न्यायालय तहसीलदार नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग )**

रा.मा.क्र./ 202406170500005/अ-21 (1) / 2024-25

**उदघोषणा-पत्र**

एतद् द्वारा समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती घसनाथ बाई कुंजाम पति बिरेश जाति गोंड निवासी ग्राम ब्रेहबेड़ा, पोस्ट कापसी, तहसील पंखाजूर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) ने आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदिका खातेदार घसनाथ बाई कुंजाम पति बिरेश एवं अन्य एक हिस्सेदार खिलेश्वरी कुंजाम पिता विरेश कुंजाम, जाति गोंड के नाम पर ग्राम सीतापाल, प.ह.नं. 20 कुकड़ाझोर, तहसील नारायणपुर के हल्का पटवारी के भू अभिलेख में खाता क्रमांक 30. भूमि खसरा नं. 59 रकबा 2.020 हेक्टेयर लगान 0.60 रूपये की कृषि भूमि संयुक्त खाता में अधिकार पर अंकित है। यह कि आवेदिका स्वयं के नाम से दर्ज उपरोक्त संयुक्त खाता की कृषि भूमि खसरा नं. 59 रकबा 2.020 हेक्टेयर की कुल भूमि को रूपयों की अति आवश्यकता पड़ने के कारण से भूमि क्रेता अनावेदक श्री गेंदराम मारगिया पिता रजउराम जाति हल्बा निवासी कुकड़ाझोर तहसील नारायणपुर के पास में हमेशा-हमेशा के लिये 6,00,000 (छः लाख रूपये मात्र) में विक्रय करना चाहती है तथा जिसके लिये बयाना की राशि 1,80,000.00 (एक लाख अस्सी हजार रूपये मात्र) पूर्व में प्राप्त कर चुकी है तथा शेष रकम को रजिस्ट्री बैनामा के समय में प्राप्त करना चाहती है। उक्त संबंध में जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसकी आगामी सुनवाई दिनांक 24/03/2025 को इस न्यायालय में नियत हैं।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक को इसके पूर्व उपस्थित होकर इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति एवं आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

मुहर

तहसीलदार
नारायणपुर

# बलीराम की पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद स्व. बलीराम कश्यप की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय चितालंका में स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मंडल अध्यक्ष जय भंसाली ने बस्तर के विकास में उनकी सहभागिता और जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व. बलीराम कश्यप का राजनीतिक जीवन दृढ़ निष्ठा, ईमानदारी और अपार जनसमर्थन का प्रतीक था। वे केवल एक जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि बस्तर के जन-जन के हृदय में बसे जननायक थे, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज और क्षेत्र की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उनकी नेतृत्व क्षमता और संघर्षशीलता ने बस्तर को नई दिशा दी। उनका योगदान युगों-युगों तक स्मरणीय रहेगा। इस दौरान समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

कोण्डागांव सुपर मार्केट विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 94791-66051

शौकीन हाउस, मेन रोड कोण्डागांव मो.- 9977719190, 7000708887
(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर्स)
BLUE STAR Whirlpool SAMSUNG SONY Symphony
शौकीन इण्डिया
हमोर यहाँ सभी कम्पनियों के लेपटॉप, कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा, DSLR कैमरा एवं अन्य समान उपलब्ध है।
मो.- 94242 96333, 7000708887

HEALTH TOWN
श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा, कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
● आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच ● बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया ● लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा ● चश्मा ● नासूर की शल्यक्रिया
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
CERTIFIED ISO 9001
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
◆ कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
◆ 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
◆ लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम
धान की कटाई-मिंजाई के लिए
100 Swadeshi
ACE Ultra Track Harvester
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता -
मे. साँई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला-धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव

**खबर संक्षेप**

## पीएम इन्टरशीप योजना में हुई कार्यशाला



**जगदलपुर।** झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में पीएम इन्टरशीप योजना के तहत दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के प्राचार्य डॉ. जीपी खरे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्राचार्य ने बताया कि इस प्रोग्राम का उद्देश्य देश भर में युवाओं को प्रधानमंत्री इन्टरशीप ट्रेनिंग के बारे में बताया साथ ही साथ अलग-अलग समूह के ट्रेनिंग की उपल्बधता की जानकारी दी। कार्यक्रम में भूतपूर्व छात्रों ने बढ़कर हिस्सा लिया और पीएम इन्टरशीप प्रोग्राम में अपना रजिस्ट्रेशन कराया। कार्यशाला को आयोजित करने में पीयूष तिवारी, ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर और मुकेश साहू माईनिंग विभाग, शैलेन्द्र सिंह जियोलोजी एवं तोरण लाल साहू आईटी भी शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री ने किया बस्तर पंडुम 2025 का लोगों अनावरण

# शांति स्थापित करने मील का पत्थर साबित होगा बस्तर पंडुम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर के लोग जीवन का हर पल उत्सव की तरह जीते हैं और अपनी खुशी की अभिव्यक्ति के लिए उनके पास समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। बस्तर में शांति स्थापना के लिए हम तेजी से अपने कदम बढ़ा रहे हैं और बस्तर पंडुम के माध्यम से बस्तर के लोकजीवन और लोकसंस्कृति को सहेजने के साथ ही उनकी उत्सवधर्मिता में हम सहभागी बनेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में मांदर की थाप पर नाचते कलाकारों की मौजूदगी में बस्तर पंडुम 2025 के लोगो का अनावरण किया और यह बातें कही। उन्होंने बस्तर पंडुम के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आयोजन सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ ही बस्तर के प्रतिभाशाली कलाकारों को सशक्त मंच प्रदान करेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बस्तर पंडुम के बुकलेट का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद बस्तर का विकास और वहां के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल रहा है। बस्तर को माओवाद से मुक्त करने की दिशा में हमने तेजी से अपने कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक और हाल ही में आयोजित अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन में भी बस्तर वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। यह दर्शाता है कि बस्तर वासियों का विश्वास लगातार शासन के प्रति बढ़ा है और वे क्षेत्र में शांति और अमन-चैन चाहते हैं।

श्री साय ने कहा कि हमने बजट में नक्सली हिंसा से ग्रसित रहे पुवर्ती गांव में भी अस्पताल खोलने का बड़ा निर्णय लिया है। नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से हम बस्तर वासियों के मूलभूत जरूरत को तेजी से पूरा कर रहें हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर के लोग अपनी सादगी के लिए जाने जाते हैं और हर मौके को अपने खास अंदाज में सेलिब्रेट करते हैं । बस्तर पंडुम के माध्यम से बस्तर के असल जीवन को और करीब से देखा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि बस्तर पंडुम में नृत्य, गीत, लोककला, लोकसंस्कृति, नाट्य, शिल्प, रीति- रिवाज, परंपरा और व्यंजन सहित विभिन्न 7 विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। श्री साय ने कहा कि बस्तर में खुशहाली हो, लोग भयमुक्त होकर अपने अंदाज में जिये और उन्हें शासन की सभी सुविधाओं का लाभ मिले।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, विधायक किरण देव, विधायक सुश्री लता उसेंडी, विधायक विनायक गोयल, संस्कृति विभाग के सचिव अन्बलगन पी. और संचालक संस्कृति विवेक आचार्य मौजूद रहे।

### बस्तर की पहचान को दर्शा रहा है बस्तर पंडुम का लोगों

बस्तर पंडुम के लोगो में बस्तर के लोकजीवन को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया गया है और यह उनकी सांस्कृतिक पहचान से गहरे से जुड़ा हुआ है। बस्तर के विरासत को बहुत ही कलात्मक ढंग से दिखाने का प्रयास इसमें किया गया है। ष्बस्तर पंडुम गोंडी का शब्द है जिसका अर्थ है बस्तर का उत्सव। प्रतीक चिन्ह में बस्तर की जीवनरेखा इंद्रावती नदी, चित्रकूट जलप्रपात, छत्तीसगढ़ का राजकीय पशु वनभैंसा, राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना, बायसन हॉर्न मुकुट, तुरही, ढोल, सल्फी और ताड़ी के पेड़ को शामिल गया है। इस प्रतीक चिन्ह के माध्यम से सरल, सहज और उम्मीदों से भरे अद्वितीय बस्तर को आसानी से जाना और समझा जा सकता है।

### नृत्य, गीत समेत 7 प्रमुख विधाओं पर केंद्रित होगा आयोजन

''बस्तर पंडुम 2025'' में जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य, वाद्ययंत्र, पारंपरिक वेशभूषा एवं आभूषण, शिल्प-चित्रकला और जनजातीय व्यंजन एवं पारंपरिक पेय से जुड़ी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। ये स्पर्धाएं तीन चरणों में संपन्न होंगी। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता 12 से 20 मार्च, जिला स्तरीय प्रतियोगिता 21 से 23 मार्च, संभाग स्तरीय प्रतियोगिता दंतेवाड़ा में 1 से 3 अप्रैल तक सम्पन्न होगी। प्रत्येक स्तर पर प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### लोकजीवन पर आधारित आयोजन होंगे प्रमुख आकर्षण

बस्तर पंडुम में बस्तर की पारंपरिक नृत्य-शैली, गीत, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण और पारंपरिक व्यंजनों का शानदार प्रदर्शन होगा। प्रतियोगियों के प्रदर्शन को मौलिकता, पारंपरिकता और प्रस्तुति के आधार पर अंक दिए जाएंगे। आयोजन में समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नागरिकों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। प्रतियोगिता के विजेताओं के चयन के लिए एक विशेष समिति बनाई गई है, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ आदिवासी समाज के वरिष्ठ मुखिया, पुजारी और अनुभवी कलाकार शामिल रहेंगे। इससे प्रतियोगिता में पारदर्शिता बनी रहेगी और पारंपरिक लोककला को न्याय मिलेगा।

## टीचर्स एसोसिएशन ने की प्राचार्य के सभी रिक्त पदों पर पदोन्नति की मांग

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

प्रदेश में प्राचार्य के 3860 पद रिक्त छ्ग टीचर्स एसोसिएशन ने प्रदेशभर के हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में प्राचार्य के सभी रिक्त पदों पर पदोन्नति देने की मांग किया है। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि

- **प्रदेश में 4730 शासकीय हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में से 3860 स्कूलों में प्राचार्य का पद रिक्त**

प्रदेश के कुल 4730 शासकीय हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में से 3860 स्कूलों में प्राचार्य का पद रिक्त है। इसमें से 90 प्रतिशत व्याख्याता व मिडिल प्रधान पाठक से पदोन्नति एवं 10 प्रतिशत पद व्याख्याता से परीक्षा के माध्यम से भरे जाने का प्रावधान है। इस प्रकार प्राचार्य के कुल 3860 रिक्त पदों में से पदोन्नति के लिए 3474 एवं परीक्षा के लिए 386 पद होते हैं।लंबे इंतजार के बाद वर्तमान में प्राचार्य के रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया जारी है। अतः स्कूल शिक्षा विभाग प्राचार्य पद में पदोन्नति के लिए निर्धारित सभी 90 प्रतिशत पदों पर पदोन्नति प्रदान करे।

एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया पदोन्नति के साथ ही परीक्षा के माध्यम भर्ती के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत पदों के लिए भी अविलंब विज्ञापन जारी करने की मांग किया है।

### बस्तर संभाग में प्राचार्य के 699 पद रिक्त



बस्तर संभाग के कुल 310 हाई स्कूल में से 280 एवं 467 हायर सेकेण्डरी स्कूलों में से 419 में प्राचार्य के पद रिक्त है। इस प्रकार बस्तर संभाग के कुल 777 हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में से 699में प्राचार्य का पद रिक्त है।

### शिक्षक से व्याख्याता में पदोन्नति का इंतजार

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि शिक्षक से व्याख्याता के पद पर पदोन्नति के लिए भी लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा लगातार जानकारी मंगाया जा रहा है, लेकिन अब तक पदोन्नति नहीं हो पाया है। अतः व्याख्याता के रिक्त पदों पर भी विषयवार अंतिम वरिष्ठता सूची जारी कर प्रशिक्षित शिक्षकों को अविलम्ब पदोन्नति प्रदान किया जावे।

## महापौर ने कलेक्टर से की नजूल भूमि में कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शिवमंदिर वार्ड के शीट नम्बर 90 व प्लाट नम्बर 22 के नजूल भूमि में व्यापारी द्वारा जबरन कब्जा कर लिफ्ट निर्माण करने की शिकायत

- **कलेक्टर के निर्देश पर पहुंची टीम ने की जांच, नजूल के साथ निजी जमीन में भी कब्जा हुआ उजागर**
- **तीन दिन का अल्टीमेटम नहीं तो चलेगा बुलडोजर**





महापौर संजय पाण्डे व सभापति खेमसिंग देवांगन ने कलेक्टर हरीश एस से की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने तत्काल नजूल विभाग को जांच के लिए निर्देशित किया था। वार्डवासियों की मौजूदगी में टीम ने जांच में पाया कि उक्त व्यापारी द्वारा नजूल के साथ ही निजी भूमि में भी अवैध कब्जा कर रखा था। नजूल की जमीन पर बकायदा लिफ्ट बनाने स्ट्रेक्चर खड़ा किया जा रहा था।

जांच में टीम ने पाया कि व्यापारी अशुंल गोलछा पिता मनोहर गोलछा द्वारा लिफ्ट व शेष भूमि में अवैध कब्जा कर अतिक्रमण किया गया था। वहीं टीम ने पाया कि दशकों पुराने नाला को भी अतिक्रमण कर पाट दिया गया था जिससे पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। जांच में यह भी पाया गया कि गोलछा द्वारा नजूल के अलावा दास परिवार के निजी भूमि में भी अतिक्रमण कर कॉलम खड़ा किया जा रहा था। जांच करने पहुंचे तहसीलदार नजूल अकुंर रात्रे, आरआई राजेश चौहान व टीम ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई की जिसमें शीट नम्बर 90 व प्लाट नम्बर 22 के 5456 वर्ग फीट नजूल भूमि के 1050 वर्ग फीट पर लिफ्ट व 1015 वर्ग फीट में मिट्टी डालकर अतिक्रमण किया गया है। इस अतिक्रमण से नाली प्रभावित हो रहा है जिससे गंदा पानी आसपास के घरों में घुस रहा है और दुर्गधं से वार्ड के लोग परेशान है।

### अतिक्रमण हटाने दिया तीन दिन का समय

जांच में नजूल व निजी जमीन में अतिक्रमण उजागर होने के बाद नगर निगम ने अशुंल गोलछा को तीन दिवस के भीतर अतिक्रमण हटाने नोटिश दिया है। तीन दिवस में अतिक्रमण नहीं हटाने पर निगम द्वारा उक्त भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया जाएगा। वहीं वार्ड के लोगों ने मांग की है कि उक्त व्यापारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा दशकों पूर्व पाटे गए नाला का निर्माण कर पानी निकासी की व्यवस्था की जाए जिससे वार्ड के लोगों को दुर्गधं व फैल रही बीमारी से वार्ड के लोगों को राहत मिल सके।

### ट्रिपल इंजन की सरकार है, अतिक्रमण पर चले बुलडोजर

मौके पर मौजूद शिवमंदिर वार्ड के पार्षद निर्मल पानिग्राही व वार्डवासियों ने कहा कि उक्त व्यापारी द्वार किए गए अतिक्रमण पर बुलडोजर चलना चाहिए। केन्द्र व राज्य के अलावा निगम के साथ भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार है ऐसे में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ बुलडोजर चलना चाहिए। वार्ड के लोगों ने भाजपा पर भरोसा दिखाते हुए तीनों चुनाव में भाजपा को वोट दिया है ऐसे में वार्ड के लोगों की मांग को अनदेखी नहीं किया जाना चाहिए तथा तथा जायज शिकायत पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए।

## पूरा देश योग करे तो होगा 99 प्रतिशत समस्याओं का समाधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पतंजलि योग समिति नगर इकाई ने योग ऋषि स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण महाराज के निर्देशन में जगदलपुर नगर में फिट बस्तर-हिट बस्तर के तहत 15 दिवसीय 15 स्थानों पर एक साथ आयोजित विराट इंटीग्रेटेड योग शिविर के समापन पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य केंद्रीय प्रभारी पूज्य स्वामी परमार्थदेव महाराज पूज्य स्वामी नरेंद्र देव महाराज के सानिध्य में हजारों लोगों ने इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में योग किया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बस्तर महेश कश्यप, अध्यक्षता निगम महापौर संजय पाण्डे और विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति नगर निगम ख़ेम सिंग देवांगन, आईजी बस्तर पी सुंदर राज, एसपी शलभ कुमार एडिशनल कलेक्टर, ज़िला व पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी सहित नगर के रेड क्रॉस सोसाइटी,इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन,बस्तरचैम्बर ऑफ़ कॉमर्स,बस्तर परिवहन संघ,ज़िला पत्रकार संघ व सभी सामाजिक धार्मिक आध्यात्मिक संघटन के प्रतिनिधि सहित हज़ारों के संख्या में नियमित योग साधक मैदान में उपस्थित रह इसके साक्षी बने।

इस अवसर पर योगऋषि बाबा रामदेव ने आस्था चैनल में लाइव फिट बस्तर- हिट बस्तर के आयोजन के लिए सभी को बधाई शुभकामनाएँ देते हुए कहा की जगदलपुर में चल रहे फिट बस्तर हिट बस्तर के तर्ज़ पर हर जगह योग पूरे देश गांव तक होना चाहिए,पूरा देश सुबह सुबह उठ कर योग करने लग जाय तो 99 प्रतिशत समस्याओं का समाधान योग से देशवासियों को मिल जायेगा।

## जगदलपुर जनपद उपाध्यक्ष में माहरा समाज के पुरुषोत्तम हुए निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





माहरा समाज बस्तर के संभागीय संयोजक विनय सोना ने जगदलपुर जनपद पंचायत चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर माहरा समाज के सदस्य व नव-निर्वाचित जनपद सदस्य पुरुषोत्तम कश्यप के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर भाजपा संगठन, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, मंत्री केदार कश्यप एवं सांसद महेश कश्यप व सभी जनपद सदस्य व कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि, बस्तर में माहरा समाज सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। हमारा समाज राजनीति के साथ-साथ हर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है। किन्तु समाज को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलने पर निराशा होती थी किन्तु भाजपा ने आज समाज के सदस्य व बजरंग दल के कार्यकर्ता पुरुषोत्तम कश्यप को जनपद उपाध्यक्ष बनाकर माहरा समाज के स्वाभिमान व गौरव को बढ़ाने का काम किया। राजनीति में माहरा समाज को प्रतिनिधित्व मिलने का जो सपना हमारे पूर्वजों व वरिष्ठ सदस्यों ने देखा था वह सपना भाजपा के सहयोग से आज पुरुषोत्तम कश्यप को उपाध्यक्ष बनते देख पूरा हो रहा है।

भाजपा की इस सार्थक पहल के बाद माहरा समाज के सभी सदस्यों को आशा है कि, माहरा समाज की बस्तर में उपस्थिति को मद्देनजर रखते हुए भारतीय जनता पार्टी एवं उनके अनुषांगिक संगठन में माहरा समाज के योग्य लोगों की सहभागिता बढ़ाने पर निकट भविष्य में बल दिया जाएगा।



## धर्मचंद बने सर्व हिन्दू समाज के संभागीय अध्यक्ष, रंजीत पांडे को सचिव की जिम्मेदारी

**जगदलपुर।** सर्व हिन्दू समाज के अध्यक्ष अशोक अरोरा की अध्यक्षता में नए प्रबंधकारिणी गठन के सम्बन्ध शांति नगर स्थित मां दुर्गा मंदीर में बैठक किया गया। बैठक में जे महेंद्रकान्त संगाणी को सर्व सम्मति से निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। निर्वाचन अधिकारी के समक्ष क्रमशः अध्यक्ष के लिए धर्मचंद्र शर्मा का एक नाम एवं सचिव के लिए रंजीत पाण्डेय का एक नाम प्रस्तावित एवं पर्याप्त समर्थकों द्वारा समर्थन किया गया। तदुपरांत अन्य नाम के प्रस्तावित होने के लिए पर्याप्त समय देने के उपरांत भी किसी के द्वारा कोई नाम न आने पर निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधिवत सर्व हिंदू समाज बस्तर संभाग के अध्यक्ष धर्मचंद्र शर्मा एवं सचिव रंजीत पाण्डेय को 3 वर्ष के कार्यकाल के लिए सर्व सम्मति से निर्वाचित घोषित किया। और बैठक में निर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव को प्रबन्ध कारिणी के अन्य पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों को चयनित करने के लिए अधिकृत किया गया।

## संघ ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस






हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अधिवक्ता संघ ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया, जिसमें महिला न्यायाधीश वरिष्ठ अधिवक्ता एवं न्यायालीन कर्मचारी को सम्मान किया गया। अधिवक्ता संघ ने वरिष्ठ अधिवक्ता सरला तिवारी, सुल्ताना खान, शुकंति पाटले, सरिता सतपति, माधुरी यादव के साथ अधिवक्ता संघ ने अपनी वरिष्ठ अधिवक्ता अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष श्रीमती हेलिना मोजेस गिरिधरन को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर, न्यायाधीश अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरुण दास, सचिव लिखेश्वर जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन राजपूत, सह सचिव संतोष चौधरी, कोषाध्यक्ष दीनबंधु रथ, कार्यकारणी सदस्य श्रवण कुमार शुक्ला, संगीता ब्रिज, रमेश पाणिग्राही, पूर्व अध्यक्ष दिनेश पाणिग्रही, आशुतोष द्विवेदी, दिनेश चंद जोशी, पूर्व उपाध्यक्ष प्रीति वानखेड़े, फातिमा राजपूत, नवीन ठाकुर, एल ईश्वर राव, सपन देवांगन बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे। मंच का संचालन अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष श्रीमती हेलिना मोजेस गिरिधरन ने की।




## शिविर में 187 मरीजों की जांच व किया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- **अटल बिहारी वाजपेई व कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में हुआ स्वास्थ्य शिविर**



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के नर्दिशानुसार बुधवार की सुबह से धरमपुर नंबर एक अटल बिहारी वाजपेई और कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजित किया गया। इसमें सामान्य सर्दी, खांसी, बुखार, त्वचा संबंधी बीमारी, खुजली, बीपी, शुगर, अन्य सभी बीमारियों का जांच और उपचार किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने शिविर का जायजा लिया और बताया कि आउटरीच कैंप पहुंच विहीन और झुग्गी झोपड़ी वाले बस्ती में उनके बीच जाकर उन्हें स्वास्थ्य लाभ देने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सिक डॉ. केएम गुप्ता एमडी मेडिसिन के अलावा शहर में संचालित विभन्नि स्वास्थ्य केंद्रों से डॉ. बेवीन सुनील चाको, डॉ. मोमीता बसाक, डॉ. अंकिता पांडे, डॉ. रेखा चौहान और अन्य स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। इस मौके पर सीएमएचओ के साथ नोडल पीएनडीपी डॉ. श्रेयांश वर्धन जैन, डीपीएम डॉ. रीना लक्ष्मी, जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद शकील खान, महेंद्र पांडे शामिल रहे। शिविर में 187 मरीजों का पंजीयन किया गया, जिसमें 93 मरीजों का बीपी जांच किया गया, 27 उच्च रक्तचाप के मरीज मिले, 93 लोगों का शुगर जांच किया गया, 33 मधुमेह के, लकवा के 4, गठिया वात के 18, कंधा व गर्दन दर्द के कुष्ठ के 1, कमजोरी के 11, नेत्र जांच 27 लोगों का किया गया। इसमें से 3 लोगों को मोतियाबन्दि ऑपरेशन हेतु चन्हिान्कित किया गया और 11 लोगों को चश्मा वितरित किया गया, 41 लोगो का हीमोग्लोबिन जांच किया गया, 62 लोगों का शिकल शेल, 14 मलेरिया जांच के साथ 7 गर्भवती माताओं और 9 शिशुवती माताओं और समान्य सर्दी, खासी, बुखार के अलावा अन्य मरीजों का लक्षण के आधार पर उपचार दिया गया। इसमें कुशाभाऊ ठाकरे वॉर्ड के पार्षद पूनम सन्हिा और अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड के पार्षद बसंती समरथ ने इस शिविर को सफल बनाने मे अहम भूमिका निभाई वार्ड के लोगों को प्रोत्साहित कर शिविर का लाभ दिलाया। डाक्टरों के अलावा नेत्र चिकित्सा अधिकारी जयंत देशमुख, सुपरवाइजर नरेश मरकाम, प्रशांत श्रीवास्तव, स्टाफ नर्स सुमन मौर्य, फार्मासस्टि युवराज, लैब टेक्नीशियन दिनेश सलाम, एएनएम तामेश्वरी मरावी, संगीता राय, अनुषा सिंह, एमपीडब्ल्यू शैलेंद्र सिंह और मोहन कश्यप, बंसीलाल सेठिया, संदीप गोलधर के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिनो के अलावा अधिक संख्या में वार्डवासी शामिल रहे।

